प्रेस सूचना ब्यूरो
भारत सरकार
***

पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेट्रोलियम विश्वविद्यालय का 7वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न

श्री नरेंद्र मोदी जनता को खुश करने के लिए नहीं बल्कि उनकी जीवन शैली बेहतर बनाने के लिए फैसले लेते हैं – श्री अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में ऊर्जा और पेट्रोलियम की भूमिका महत्वपूर्ण है

श्री अमित शाह ने कहा की संभावनाओं का दोहन वही कर सकता है जिसमें हौसला होता है

पंडित दीनदयाल उपाध्याय और महात्मा गांधी के बारे में पढ़ने से भारत को जान सकेंगे – श्री अमित शाह

नई दिल्ली, 29 अगस्त 2019

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेट्रोलियम विश्वविद्यालय के 7वें दीक्षांत समारोह में बोलते हुए कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने एक नया विचार, एक नया दर्शन देकर देश को आगे बढ़ाने का काम किया था | उनका कहना था कि गांधी का दर्शन शाश्वत है और उनके 150वें जन्मवर्ष पर प्रत्येक देशवासी को एक संकल्प लेना चाहिए जिससे 130 करोड़ देशवासियों का संकल्प एक मजबूती के साथ नए भारत का निर्माण करने में सहायता करेगा |

श्री अमित शाह ने कहा कि डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र आज से एक नई शुरुआत कर रहे हैं और उन्हें देश के विकास में योगदान सुनिश्चित करना चाहिए | उन्होने कहा कि आप का भविष्य अपार संभावनाओं से भरा है और संभावनाओं का दोहन वही कर सकता है जिसमें हौसला होता है|

श्री शाह ने छात्रों को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ओर से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज पर्यावरण का जमाना है और हमें ग्लोबल वॉर्मिंग और क्लाइमेट चेंज की चिंता कर उचित उपाय करने होंगे | वर्तमान में इन समस्याओं के रूप को देखते हुए श्री शाह ने सिंगल यूज प्लास्टिक तथा ईको फ्रेंडली से संबन्धित कोर्स शुरू करने का भी सुझाव दिया | इससे

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के गुजरात को भारत की पेट्रोल राजधानी बनाने का सपना भी पूरा होगा |

श्री अमित शाह ने कहा कि आजादी के 73 साल हो चुके हैं और 2014 तक देश की सरकारों ने बहुत तरह के कार्य किए किन्तु देश में सुधार कार्यों में पहल मोदी जी के नेतृत्व में हुई | उन्होने कहा कि आजादी के बाद 2014 तक जहां देश में 3000 से कम स्टार्टअप थे लेकिन 2019 में इनकी संख्या 20000 से ज्यादा है |

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि श्री नरेंद्र मोदी जी देशहित में कठिन से कठिन फैसले लेने में पीछे नहीं हटते | श्री शाह ने कहा कि धारा 370 तथा 35 ए हटाने का फैसला कर मोदी जी ने कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाया जिससे वहाँ विकास के कार्य सुनिश्चित होंगे तथा पहले से अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था और शिक्षा उपलब्ध कराई जा सकेगी |

श्री अमित शाह ने कहा कि भारत की जनता ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी पर भरोसा कर दोबारा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई इसका परिणाम है कि भारत दुनिया में आज सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है| उन्होने भारत को 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संदर्भ में कहा कि इसमें ऊर्जा और पेट्रोलियम की भूमिका महत्वपूर्ण होगी | श्री शाह का कहना था कि बढ़ते शहरीकरण के साथ हम ऊर्जा के मामलों में बहुत आगे निकल रहे हैं किन्तु भारत की प्रति व्यक्ति ऊर्जा की खपत काफी कम है जिसे ध्यान में रखकर भविष्य की रूपरेखा तैयार करनी होगी | उन्होने आगे कहा कि श्री नरेंद्र मोदी वैश्विक स्तर पर सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में भारत की नई छवि का निर्माण कर रहे हैं |

कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री श्री विजय रुपाणी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेट्रोलियम विश्वविद्यालय के चेयरमैन श्री मुकेश अंबानी, गुजरात सरकार के मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह, श्री सौरभ पटेल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे |

***

डॉ वीजी/डॉ डीडी/एचएस